भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-6
उत्तर देने की तारीख- 03/02/2025

केन्द्रीय विद्यालय, तारकेश्वर के लिए स्थायी परिसर का निर्माण

†*6. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केंद्रीय विद्यालय (केवी) तारकेश्वर, पश्चिम बंगाल के लिए स्थायी परिसर के निर्माण की स्थिति क्या है और इसमें विलंब के कारण, यदि कोई हों, क्या हैं;
(ख) क्या सरकार ने उपरोक्त परिसर के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए धनराशि और संसाधन आवंटित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या केंद्रीय विद्यालय, तारकेश्वर वर्तमान में एक अस्थायी आवास से संचालित हो रहा है और यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक मानकों को पूरा करता है; और
(घ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि केंद्रीय विद्यालय, तारकेश्वर को वाणिज्य और मानविकी विषयों की शुरुआत करने और अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों का विस्तार करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्राप्त हों?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

माननीय संसद सदस्य श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा 'केन्द्रीय विद्यालय, तारकेश्वर के लिए स्थायी परिसर का निर्माण' के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 6 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) केंद्रीय विद्यालयों (केवि) के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) के पक्ष में हस्तांतरण/पट्टे की औपचारिकताओं को पूरा करना, निर्माण एजेंसी द्वारा ड्राइंग/ अनुमान प्रस्तुत करना, निधियों की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करता है। केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवि तारकेश्वर, पश्चिम बंगाल को वर्ष 2010-11 में पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के प्रायोजन के तहत सिविल क्षेत्र में खोला गया था। स्थायी स्कूल भवन के निर्माण के लिए अक्टूबर 2017 में 7.39 एकड़ भूमि केविसं के नाम पर हस्तांतरित की गई है। मई, 2022 में यह कार्य सीपीडब्ल्यूडी को सौंपा गया था और इस केवि के लिए 09 स्टाफ क्वार्टर, चारदीवारी आदि सहित स्थायी स्कूल भवन का निर्माण कार्य अक्टूबर 2024 में शुरू किया गया है।

(ख) केविसं ने 3860.11 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति और व्यय मंजूरी प्रदान की है और कार्य की प्रगति के आधार पर अब तक 220.00 लाख रुपये की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है।

(ग) और (घ) केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवि तारकेश्वर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी आवास में संतोषजनक ढंग से काम कर रहा है,परंतु आगे के विकास/विस्तार के लिए संसाधन सीमित हैं। यह केवि वर्तमान में कक्षा-I से X तक प्रत्येक में एक सेक्शन और कक्षा-XI और XII (विज्ञान विषय) में प्रत्येक में एक सेक्शन के साथ काम कर रहा है। वर्तमान में, वाणिज्य और मानविकी स्ट्रीम शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि केवि, तारकेश्वर सीमित अवसंरचना के साथ अस्थायी भवन में कार्यात्मक है।

*****